भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
06.12.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 481 का उत्तर

बेंगलुरु में सर्कुलर रेल नेटवर्क

481. श्रीमती सुमलता अम्बरीश:
श्री डी.के. सुरेश:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या दक्षिण पश्चिम रेल (एसडब्ल्यूआर) ने शहर के यातायात जाम को कम करने के लिए बेंगलुरु के बाहरी इलाके में 287 किलोमीटर के सर्कुलर रेल नेटवर्क का प्रस्ताव किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त रेल परियोजना को पूरा करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) प्रस्तावित रेल परियोजना की अनुमानित लागत कितनी है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग) : भारत सरकार द्वारा बेंगलुरू सिटी और इसके आसपास के क्षेत्रों में परिवहन सेवाओं को विकसित करने के संबंध में हमेशा बल दिया गया है। इस पहल के भाग के रूप में बेंगलुरू सिटी के आसपास सर्कुलर रेलवे की संकल्पना की गई है। इस परियोजना के संबंध में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए 7.19 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इस परियोजना के संबंध में आगे की कार्रवाई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के निष्कर्षों और राज्य सरकार के सहयोग पर निर्भर करेगी।

****

s.k